3

PART - I

| Paper Code |
| --- |
| P-1 |

103185

ATE PLEASE READ CAREFULLY

परीक्षार्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

Answer Script (including Paper for rough work) i.e. Name, Address, Roll n even in the letter writing (XYZ, ABC etc. may be written) Name of God, rds, number other than the answer of question must not be written. Such xamination

r which the

कहीं पर भी प

XYZ, ABC, 3

क, आदि भी न

जाकर भविष्य

IT INSTRU

nswer Bookl

प्रश्नोत्तर पुस्ति

or not printed

itor and chan

अमुद्रित है य

र्थी का होगा।

on Cover Sh

educt 5 marks

कवर पृष्ठ पर स

आयोग द्वारा प्रा

in which som

ver Sheet is n

सूचनाएँ पूर्वमु

क्षतिग्रस्त नहीं

ent units and

त है। प्रत्येक

either of prin

eated as stan

ण या तथ्यात्म

lish, not in bo

di or English

में दीजिये, दो

अलग से हिंदी

only in the

the border lin

सी भी प्रश्न क

हर लिखे गये

wers beyond

अधिक नहीं लि

tion out of m

विकल्प दिया

| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
| --- | --- | --- |
| Unit-1-A | 10 | 4.5 |
| Unit-1-B | 25 | 10 |
| Unit-1-C | 40 | 14 |
| Unit-2-A | 10 | 7 |
| Unit-2-B | 25 | 7 |
| Unit-2-C | 30 | 10.5 |
| Unit-3-A | 20 | 11.25 |
| Unit-3-B | 20 | 9.5 |
| Unit-3-C | 20 | 7.5 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 81.25 |
| Total Obt. Marks in Words | | Eighty One+ ¼ |

प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार रा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

andidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as n shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**D**
**N**
**ar**
**ac**
**th**
प्र
वि
अ
म
ज

## CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY
## परीक्षार्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile Number etc. Not to be written even in the letter writing (XYZ, ABC etc. may be written) Name of God, any religious sign, any irrelevant sentence, words, number other than the answer of question must not be written. Such act will be treated as unfair means and entire examination of the Candidate shall be cancelled and he may be debarred by the RPSC from all the future examinations, for which the candidate will be liable.**

**प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहां तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें ( XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक, आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of Invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी–फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet consists of two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ कहीं से कटे–फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units and parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and parts.
प्रश्न–पत्र विभिन्न यूनिट एवं भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित किये गए हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English version of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।

(G) Attempt answers either in **Hindi or English,** not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए, इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जांचा जायेगा।

**विशेष नोटः**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना दी जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

**Special Note:**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

## SPACE FOR ROUGH WORK

# PAPER – I

## GENERAL STUDIES & GENERAL KNOWLEDGE

(Total 200 Marks)
(Total 48 Question)

**Unit – I** (75 Marks)
(यूनिट – I) (75 अंक)

**Part – A** Marks : 10
भाग – अ अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. Name any four out of six orthodox schools of Indian Vedic Philosophy.
भारतीय वैदिक दर्शन की परम्परागत (रूढ़िवादी) छः शाखाओं में से किन्हीं चार का नामोल्लेख कीजिए।

① सांख्य – कपिल
② योग – पतंजलि
③ न्याय – गौतम
④ वैशेषिक – कणाद

2(Two)
(Q.Unit-1-A-1)

2. What is Ravanhatha?
रावण हत्था क्या है?

• राजस्थान का एक तत् वाद्य यंत्र है
• पाबूजी की फड़ के वाचन के समय बजाया जाता है।
• इसे बनाने में बकरे की खाल तथा घोड़े की पूँछ के बाल का उपयोग किया जाता है।

1.25(One¼)
(Q.Unit-1-A-2)

3. Describe the Suharwardi Sufi Silsilah.
सुहरावर्दी – सूफी सिलसिला का वर्णन कीजिए।

• इस्लाम में द्वैतवाद को मानने वाली शाखा है।
• ये राजनीतिक रूप से हस्तक्षेप करते थे।
• उच्च स्तरीय जीवन, शानो-शौकत से रहते थे।

0.25(Zero¼)
(Q.Unit-1-A-3)

4. Highlight the role of Aruna Asaf Ali in the Quit India Movement.
भारत छोड़ो आन्दोलन में अरुणा आसफ़ अली की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

↳ भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान प्रथम पंक्ति के नेताओं की गिरफ्तारी के बाद आन्दोलन की कमान संभाली।
↳ महिलाओं को नेतृत्व प्रदान किया।
↳ समाचार पत्रों, भूमिगत रेडियो के संचालन में शामिल रहीं।

1(One)
(Q.Unit-1-A-4)

5. Where did Leonardo de Vinci paint his famous painting 'The Last Supper'?
लियोनार्डो द विंची ने अपना प्रसिद्ध चित्र 'द लास्ट सपर' कहाँ पर चित्रित किया था?

• फ्रांस के एक प्रसिद्ध चर्च में चित्रित किया गया था।

0 (Zero)
(Q.Unit-1-A-5)

## Part – B
भाग – ब

Marks : 25
अंक : 25

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. Examine the salient features of Raj Singh style of temple architecture.
मन्दिर वास्तुकला में राजसिंह शैली की विशेषताओं का परीक्षण कीजिए।

दक्षिण भारत में पल्लव कालीन प्रमुख वास्तुकला शैली रही है। यह पल्लवशैली को गुफाओं से बाहर लेकर आयी। इसकी शुरुआत नरसिंह वर्मन-II द्वारा की गई थी। इस शैली के तहत गोपुरम् को महत्व मिला तथा द्रविड़ मंदिर वास्तुकला का स्वर्णकाल कहलाती है। - इस समय के प्रमुख मंदिरों में - महाबलीपुरम् का तटीय मन्दिर तथा मतंगेश्वर मंदिर प्रमुख है। - इसमें मंदिर की चारदीवारी, प्रांगण में तालाब, अष्टकोणीय शिखर का प्रचलन प्रारंभ हुआ।

2(Two)
(Q.Unit-1-B-6)

7. Throw light on the activities of Kanwar Singh in Bihar during the Revolt of 1857.
1857 के विद्रोह के समय बिहार में कंवरसिंह की गतिविधियों पर प्रकाश डालिए।

कंवरसिंह प्रौढ़ किंतु जोशीले और कुशल नेतृत्वकर्ता थे। 1857 के विद्रोह के दौरान बिहार में अंग्रेजों को उखाड़ने का काम इन्हीं के नेतृत्व में हुआ। अंग्रेजों की रसद आपूर्ति रोकना, उनके गुप्त ठिकानों की खबर अन्य क्रांतिकारियों तक पहुँचाना, आगामी गतिविधियों की योजना बनाना तथा क्रांतिकारियों को लगातार प्रेरित करते रहने का काम किया।

क्रांति के दौरान बिहार में राजनीतिक तथा प्रशासनिक व्यवस्था संचालन का कार्य भी किया।

1(One)
(Q.Unit-1-B-7)

8. Write a short note on the integration of Sirohi in 'United Rajasthan'.
'एकीकृत राजस्थान' में सिरोही के विलय पर संक्षिप्त लेख लिखें।

राजस्थान में सिरोही का विलय दो चरणों में संपन्न हुआ।
① 1950 में हाथल गाँव (सिरोही) राजस्थान में मिलाया गया तथा माउंट-आबू, देलवाड़ा सहित बाकी सिरोही को बॉम्बे प्रांत में मिलाया।
५ सिरोही तथा राजस्थान के प्रमुख नेताओं के कड़े विरोध पर 'सरदार पटेल' का जवाब था कि-" राजस्थान वालों को गोकुल भाई (हाथल) चाहिए था, जो हमने दे दिया।"
② राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों के बाद- 1956 में सिरोही पूर्ण रूप से राजस्थान में मिलाया गया तथा राजस्थान का वर्तमान स्वरूप 1 नवम्बर 1956 को सामने आया।

3(Three)
(Q.Unit-1-B-8)

9. Critically examine the Begun Peasant Movement of Rajasthan.
राजस्थान के बेगूं किसान आन्दोलन का आलोचनात्मक परीक्षण करें।

मेवाड़ का प्रथम श्रेणी का ठिकाना था- बेगूं। यहाँ पर बिजोलिया किसान आंदोलन से प्रेरणा प्राप्त कर 1921 से 1923 के मध्य रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में आंदोलन चलाया गया।
मोतीलाल तेजावत भी प्रमुख नेता थे- इन्होंने मेवाड़ महाराणा को

21 मांगों का एक पत्र लिखकर भेजा था, जिसे 'मेवाड़ की पुकार' के नाम से जाना जाता है।

मेवाड़ की वास्तविक स्थिति के जाँच हेतु ट्रेंच आयोग का गठन किया गया था। यहाँ के आन्दोलनकारियों की प्रमुख माँग - लाग-बागों का समाप्त करना, भूराजस्व में कमी करना तथा जागीरदार के द्वारा बढ़ाए गए करों को कम करवाना था। किसानों तथा जागीरदार के मध्य हुए समझौते को रियासत ने खारिज कर, इसे बोल्शेविक समझौता कहा। ट्रेंच द्वारा फायरिंग में रूपाजी - कृपाजी धाकड़ किसान मारे गए।

10. Discuss the ideological background of American War of Independence.

अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के वैचारिक पृष्ठभूमि की विवेचना करें।

अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम तेरह प्रमुख राज्यों में चलाया गया था। यहाँ के अधिकांश निवासी यूरोपीय थे, जिससे उनमें स्वतंत्रता की भावना तथा ब्रिटेन के बढ़ते दमन के विरुद्ध विचार प्रबल थे।

- साथ ही - रूसो - सोशल कॉन्ट्रेक्ट, मैकियावली - द प्रिंस, द मोनार्क द लेटर्स ऑन इंग्लिश, टॉमस मूर - यूटोपिया इत्यादि का प्रभाव था।
- राबसपियर जो एक वकील था - 'प्रतिनिधित्व नहीं तो कर नहीं' का नारा दिया
- वर्जीनिया ने 1618 में - स्वायत्ता हेतु ब्रिटेन को पत्र लिखा - जिसे अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम का मैग्नाकार्टा माना जाता है।
- इन तेरह राज्यों ने 1774 तथा 1775 ई. में फिलाडेल्फिया में दो सम्मेलन आयोजित कर, दूसरे में पूर्ण स्वतंत्रता का प्रस्ताव पारित किया।

3.5(Three½) (Q.Unit-1-B-9)

0.5(Zero½) (Q.Unit-1-B-10)

Paper-I 10

## Part – C
## भाग – स

**Marks : 40**
**अंक : 40**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **100 - 100** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं।

11. Examine the significance of Charan Literature in Classical Literature of Rajasthan.
राजस्थान के शास्त्रीय साहित्य में चारण साहित्य की महत्ता का परीक्षण करें।

राजस्थान के शास्त्रीय साहित्य में चारणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। चारण राजाओं एवं जागीरदारों की वंशावली का वर्णन करने, राज्य की प्रमुख घटनाओं, युद्धों, संधियों का दिनांक सहित व्यवस्थित वर्णन करने में योगदान रहा है। चारण साहित्य ने जनमानस पर सकारात्मक प्रभाव डालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

प्रमुख चारण कवियों में - रेवतदान चारण, उमरदान कविया, मुहणोत नैणसी, बाँकीदास, इत्यादि का प्रमुख योगदान रहा है।

राजस्थान के शास्त्रीय साहित्य को परिपूर्ण करने में बाँकीदास दास री ख्यात, नैणसी री ख्यात, मारवाड़ रा परगना री विगत, जगडूचरित, पृथ्वीराज रासो - (चन्दबरदाई) हरिपिंगल प्रबंध, मान जसो मण्डन इत्यादि ने शास्त्रीय

0.5(Zero½)
(Q.Unit-1-C-11)

0.5(Zero½)
(Q.Unit-1-C-11)

0.5(Zero½)
(Q.Unit-1-C-11)

साहित्य की विभिन्न विधाओं को सामने लाने में अपना प्रमुख योगदान किया है।

इन सब तथ्यों से चारण साहित्य का राजस्थान के शालीन साहित्य में महत्ता का पता चलता है।

12. Discuss in brief the growth of the ideology of Theosophists in the Theosophical society in India.

भारत में थियोसोफिकल सोसायटी की विचारधारा के विकास में थियोसोफिस्ट के विचारों की संक्षेप में विवेचना कीजिए।

सन् 1875 में न्यूयॉर्क में अल्कॉट तथा मैडम ब्लावट्स्की द्वारा स्थापित थियोसोफिकल सोसायटी की भारत शाखा - मद्रास के अड्यार में 1884 में स्थापित की गई, जिसकी 1893 में एनी बिसेंट को प्रमुख बनाया गया था।

① इस सोसायटी की विचारधारा भारतीय दर्शन के पुनर्जन्म तथा मुख्यतः उपनिषदों की शिक्षाओं के प्रसार पर आधारित थी।

② थियोसोफिकल सोसायटी मुख्य रूप से पढ़े-लिखे तथा उच्च वर्ग में अपनी विचारधारा को बढ़ाने का प्रयास कर रही थी।

③ इनका प्रभाव मुख्य रूप से शहरों के उच्च मध्यम वर्ग तक था अर्थात् ये गाँवों तक अपनी पहुँच नहीं बना पाए थे।

④ थियोसोफिस्ट उदारवादी तरीके से समाज सुधार के समर्थक थे।

2(Two)
(Q.Unit-1-C-12)

1(One)
(Q.Unit-1-C-12)

0.5(Zero½)
(Q.Unit-1-C-12)

1(One)
(Q.Unit-1-C-12)

0 (Zero)
(Q.Unit-1-C-12)

⑤ एनिबिसेंट ने इनके विचारों के प्रसार हेतु - कॉमनवील तथा न्यू इंडिया नामक दो अंग्रेजी पत्र प्रकाशित करवाए।

⑥ सन् 1916 में होमरूल का आयोजन कर भारत भर अपनी उपस्थिति दर्शायी। ये महिला शिक्षा, आर्थिक समानता सामाजिक समानता के समर्थक थे, किंतु शहरों तक सीमित रहने के कारण इनकी आलोचना की जाती है।

0 (Zero)
(Q.Unit-1-C-12)

13. Discuss the development of 'Indigenous' industries in India during the Second World War.
द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान भारत में 'देशी' उद्योगों के विकास की विवेचना करें।

द्वितीय विश्व युद्ध -1939-1945 ईस्वी के दौरान भारत में देशी उद्योगों को बढ़ावा देने का अनुकूल अवसर बना। इस दौरान भारत में बॉम्बे प्लान के माध्यम से आर्थिक विजन रखा गया, तथा स्वतंत्रता प्राप्ति की बात की गई।

- लौह अयस्क उद्योग - टाटानगर (झारखंड) में बढ़ावा मिला।
- रसायन आधारित उद्योगों का विकास - कलकत्ता।
- कपास तथा सूती वस्त्र उद्योगों का विकास - सूरत, अहमदाबाद
- नमक उद्योग - तटवर्ती क्षेत्र तथा सांभर राजस्थान में।
- चीनी उद्योग - उत्तरप्रदेश तथा महाराष्ट्र में।
- भारी उद्योग - तमिलनाडु तथा आंध्र प्रदेश में।
- हथकरघा उद्योग - खादी वस्त्र निर्माण को प्रोत्साहन।
- दियासलाई, ढेरीची, मिर्च-मसाले इत्यादि के उद्योगों को बढ़ावा।

इस प्रकार द्वितीय विश्व युद्ध के कारण बढ़ी माँगों ने भारत में देशी उद्योगों के विकास के लिए उत्प्रेरक का काम किया तथा भावी रूपरेखा तय करने में अपनी प्रमुख भूमिका निभाई। तथा 1948 में स्वतंत्र भारत की प्रथम औद्योगिक नीति लाई गई।

14. "Industrial Revolution was not only a technological revolution, but a socio-economic revolution also, that changed the way people lived afterwards." Discuss.
"औद्योगिक क्रांति न केवल एक प्रौद्योगिकीय क्रांति थी, बल्कि एक सामाजिक-आर्थिक क्रांति भी थी, जिसने लोगों के उसके बाद रहने के ढंग को भी परिवर्तित कर दिया।" विवेचना करें।

सन् 1650 से प्रारंभ औद्योगिक क्रांति ने न केवल तकनीकी प्रगति के नए प्रतिमान गढ़े अपितु सामाजिक व आर्थिक क्षेत्र में भी व्यापकरूप से परिवर्तन किए।

सामाजिक परिवर्तन → ① शहरीकरण :- औद्योगिक क्रांति से शहरीकरण को बढ़ावा मिला तथा उद्योगों में श्रम की माँग ने प्रवासन को बढ़ावा दिया, किन्तु इससे गन्दी बस्तियों तथा झुग्गियों एवं अनियंत्रित बसावट प्रदूषण को बढ़ावा जैसे नकारात्मक परिणाम भी सामने आए।

② एकल परिवार – संयुक्त परिवार को गाँवों में छोड़कर आने से एकल परिवारों का प्रचलन बढ़ा तथा एकाकी जीवन की नव धारणाएँ

③ उपभोक्तावाद – शहरों में अधिक जनघनत्व तथा प्रतिस्पर्धा ने उपभोक्तावादी प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया।

④ परिवार संस्था का विघटन :- एकल परिवार – एकाकी जीवन ने व्यभिचार जैसी कुरीतियों को बढ़ाया, तलाक के मामले बढ़े।

3(Three)
(Q.Unit-1-C-13)

आर्थिक परिवर्तन → ① संपन्नता :- उद्योगों में रोजगार तथा कौशल की मांग, उच्च वेतन से समाज में संपन्नता आई। जीवन स्तर में सुधार हुआ।
② बैंकिंग-बीमा संस्थाओं का उदय हुआ, सेवा क्षेत्र का विकास हुआ
③ उपनिवेशों में निवेश - अतिरिक्त पूंजी को उपनिवेशों में निवेश अधिक लाभ कमाने पर जोर से - शोषण तथा आर्थिक दोहन में वृद्धि हुई।
④ भौतिकवादी मानसिकता को बढ़ावा मिला तथा आर्थिक प्रतिस्पर्धा एवं संसाधनों पर येन-केन-प्रकारेण कब्जा करने की प्रवृत्ति जागने आदि।
इन सब तथ्यों से स्पष्ट है औद्योगिक क्रांति ने तकनीकी के साथ सामाजिक-आर्थिक रूप से विस्तृत परिवर्तन किए जो सकारात्मक तथा नकारात्मक दोनों प्रकार के थे।

5(Five)
(Q.Unit-1-C-14)

## Unit – II (यूनिट – II)

(65 Marks) (65 अंक)

### Part – A (भाग – अ)

Marks : 10 (अंक : 10)

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. What are the eight core industries that support infrastructure in India?
भारत में कौनसे आठ मूल उद्योग आधारभूत संरचना को सहयोग करते हैं?

① कोयला ④ रिफाइनरी उत्पाद ⑦ उर्वरक
② पेट्रोलियम ⑤ सीमेंट ⑧ विद्युत
③ क्रूड ऑयल ⑥ स्टील

2(Two)
(Q.Unit-2-A-1)

2. What are the main sources of biomass energy in Rajasthan?
राजस्थान में जैव ईंधन (बायोमास) ऊर्जा के मुख्य स्त्रोत क्या हैं?

राजस्थान में जैवईंधन ऊर्जा का मुख्य स्रोत - सरसों की तूड़ी, जूली फ्लोरा (बबूल), करंज, जेट्रोफा

इत्यादि हैं।

- वर्तमान में 120 MW ऊर्जा का उत्पादन, 14 संयंत्रों से किया जा रहा है।

2(Two)
(Q.Unit-2-A-2)

3. Write major items of revenue expenditure in Indian Budget.
भारतीय बजट में राजस्व व्यय की मुख्य मदों को लिखिए।

राजस्व व्यय में मुख्य मदें इस प्रकार हैं →
- रक्षा और प्रशासनिक व्यय
- सामाजिक सहायता कार्यक्रम
- वृद्धावस्था पेंशन व अन्य सब्सिडी
- पूँजीगत ऋणों का ब्याज भुगतान
- राज्यों को अनुदान
- कर्मचारियों के वेतन, भत्ते, पेंशन इत्यादि

1.25(One¼)
(Q.Unit-2-A-3)

4. Write the objective and name of funding agency of Rajasthan Agricultural Competitiveness Project.
राजस्थान कृषि प्रतिस्पर्द्धा परियोजना का उद्देश्य और इसको वित्त पोषित करने वाली संस्था का नाम लिखिए।

उद्देश्य :- ① कृषि में बेहतर तकनीकों का उपयोग तथा बढ़ावा देना
② उत्पादन में प्रतिस्पर्द्धात्मक रूप से वृद्धि करना।
③ वैश्विक कृषि विधियों का अभ्यास करना

वित्त पोषण संस्था - विश्व बैंक

1.5(One½)
(Q.Unit-2-A-4)

5. Define sustainable development.
सतत् विकास को परिभाषित कीजिए।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार - "वर्तमान के संसाधनों का इस प्रकार से उपयोग करना कि वे वर्तमान पीढ़ी के साथ-

"सभी भविष्य की पीढ़ियों हेतु भी समुचित मात्रा में उपलब्ध रहें।"

• संरक्षण हेतु - 2015 में 17 सतत विकास लक्ष्य तथा 169 उपलक्ष्य घोषित किए

0.25(Zero¼)
(Q.Unit-2-A-5)

**Part – B**
**भाग – ब**

**Marks : 25**
**अंक : 25**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. Define micro, small and medium enterprises on the basis of investment and annual turnover in India.
भारत में निवेश और वार्षिक बिक्री के आधार पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को परिभाषित कीजिए।

भारत सरकार के वाणि. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के अनुसार –

| उद्योग | निवेश | वार्षिक बिक्री |
|---|---|---|
| सूक्ष्म | ₹ एक करोड़ तक | 5 करोड़ ₹ |
| ~~मध्यम~~ लघु | 5 करोड़ ₹ | 50 करोड़ ₹ |
| मध्यम | 10 करोड़ ₹ | 250 करोड़ ₹ |

3.5(Three½)
(Q.Unit-2-B-6)

7. What are the objectives of 'SAMARTH' scheme of Rajasthan?
राजस्थान की 'समर्थ' योजना के क्या उद्देश्य हैं?

वर्ष 2019-20 में प्रारम्भ स्वरोजगार आधारित क्षमता विकास परियोजना है। इसके तहत युवाओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करना, कौशल विकास की व्यवस्था करवाना तथा उपयुक्त संसाधन उपलब्ध करवाकर लोगों को अपना रोजगार स्थापित

करने में समर्थ बनाना है। इससे बेरोजगारी में कमी लाना, जनांकिकीय लाभांश का लाभ लेना, जीवन स्तर में सुधार लाना, राज्य में नवाचारों को बढ़ावा जैसे उद्देश्यों की पूर्ति होगी।

0.5(Zero½)
(Q.Unit-2-B-7)

8. What incentives are provided under Pradhan Mantri Rojgar Protsahan Yojana (PMRPY) for employers to create new employment in the country?
देश में नवीन रोजगार सृजन के लिए प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पी.एम.आर.पी.वाई.) के अंतर्गत नियोक्ताओं को क्या प्रोत्साहन दिए गए हैं?

प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत – नियोक्ताओं हेतु छटनी की सुविधा में 300 से अधिक संख्या को घटाकर 20 करना, ई.पी.एफ में सरकार का अधिक योगदान देना, ठेका व्यवस्था को बंद कर संगठित रोजगार व्यवस्था को प्रोत्साहन हेतु सब्सिडी एवं अन्य सुविधाएँ।

0 (Zero)
(Q.Unit-2-B-8)

9. Explain the main features of Rajasthan Investment Promotion Scheme 2019.
राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2019 की मुख्य विशेषताओं को समझाइए।

राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2019 के तहत –
① सात वर्ष तक जीएसटी का पुनर्भरण सरकार द्वारा
② विद्युत शुल्क में शत प्रतिशत छूट
③ मण्डी शुल्क में शत प्रतिशत छूट
④ रजिस्ट्रीकरण शुल्क में शत प्रतिशत की छूट दिया जाने का प्रावधान।

(3) भू नामान्तरण तथा अन्य संबंधित प्रक्रियाओं का सरलीकरण।
इन सब विशेषताओं से ये योजना राज्य में बेहतर निवेश तथा रोजगार के अनुकूल वातावरण बनाने में सफल होगी।

1.5(One½)
(Q.Unit-2-B-9)

10. Write any five aims of World Bank Group Climate Change Action Plan 2021-2025.
विश्व बैंक समूह के जलवायु परिवर्तन पर कार्य योजना 2021-25 के किन्हीं पाँच लक्ष्यों को लिखिए।

(1) विकासशील देशों को तकनीकी तथा वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना।
(2) जलवायु परिवर्तन को रोकने वाली प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा तथा निवेश को प्रोत्साहन।
(3) भूमि तथा जलीय संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित करना
(4) हानिकारक गैसों के उत्सर्जन को कम करने की रणनीति का निर्माण
(5) कार्बन ट्रेडिंग को बढ़ावा देना।

1.5(One½)
(Q.Unit-2-B-10)

## Part – C
भाग – स

Marks : 30
अंक : 30

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **100 - 100** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं।

11. What are the key measures pertaining to industry and infrastructure under Atmanirbhar Bharat Abhiyan in India?
भारत में आत्म निर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत उद्योग और आधारभूत संरचना से सम्बन्धित प्रमुख उपाय क्या हैं?

आत्मनिर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत उद्योग और आधारभूत संरचना संबंधी तेरह सेक्टरों में उत्पादन सह सहायिकी योजना

प्रारंभ की गई है।

① खाद्य प्रसंस्करण उद्योग :- कोल्ड स्टोर तथा प्रसंस्करण इकाईयों के निर्माण हेतु एक करोड़ तथा अन्य सहायता का प्रावधान

② विमानन उद्योग :- प्रमुख हवाई अड्डों का परिचालन निजी क्षेत्र द्वारा तथा सरकार का हस्तक्षेप घटना

③ टेक्सटाइल उद्योग :- पीएम मित्र स्कीम द्वारा सात स्कीम्स औद्योगिक पार्कों का निर्माण भारतीय साइज के लिए सर्वेक्षण।

④ इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद :- भारत में निर्माण को बढ़ावा हेतु नकद सब्सिडी की व्यवस्था

⑤ फार्मास्युटिकल सेक्टर :- दवा निर्माण तथा अनुसंधान को बढ़ावा देना।

⑥ टेलीकॉम सेक्टर :- डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा देना।

⑦ विशेष कॉरिडोर का निर्माण कर परिवहन को सुधार करना।

⑧ एम.एस.एम.ई. की परिभाषा में परिवर्तन कर, नवाचारों को बढ़ावा।

1.5(One½)
(Q.Unit-2-C-11)

12. Describe Chief Minister's 7 Point Programme for Empowerment of Women in Rajasthan.
राजस्थान में महिला सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री के सात सूत्री कार्यक्रम का वर्णन कीजिए।

राजस्थान आर्थिक सर्वेक्षण - 2019-20 के अनुसार सरकार द्वारा सात सूत्री कार्यक्रम द्वारा महिला सशक्तीकरण बढ़ावा दिया जा रहा है-

① महिला सुरक्षा तथा संरक्षण :- इसके तहत अपने अधिकारों के बारे में अधिकाधिक जागरूक करना तथा सुरक्षा संबंधी जरूरतों को पूरा करना, विद्यालयों में - आत्मरक्षा कार्यक्रम 'अनमोल'

② 24×7 हेल्पलाइन सेवा :- इसमें 1091 पर कॉल कर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है।

③ घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम-2005 का प्रभावी क्रियान्वयन करके महिला सशक्तीकरण सुनिश्चित करना।

④ कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन शोषण निवारण अधिनियम-2013 का प्रचार-प्रसार तथा स्थानीय समिति एवं आंतरिक समिति का गठन

⑤ राजस्थान डायन प्रताड़न निवारण अधिनियम-2015 - संशोधन-2016 द्वारा ऐसे मामलों में दंडात्मक कार्यवाही का प्रावधान

⑥ सखी वन स्टॉप सेंटर / अपराजिता :- शारीरिक-मानसिक शोषण की शिकार महिलाओं हेतु स्वास्थ्य, पुलिस, आवास, खाना इत्यादि की सुविधाओं युक्त सेंटर।

⑦ महिला विकास कार्यक्रम - 'साथिन' ग्राम पंचायत में महिलाओं के सर्वांगीण विकास हेतु।

इसके साथ ही उड़ान योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, इंदिरागाँधी मातृत्व योजना, शिक्षा के क्षेत्र में कस्तूरबागाँधी छात्रावास, कालीबाई मेधावी छात्रा पुरस्कार योजना द्वारा महिला सशक्तीकरण के प्रयास किए जा रहे हैं।

5.5(Five½)
(Q.Unit-2-C-12)

13. Write vision and key objectives of Rajasthan Solar Energy Policy 2019.
राजस्थान सौर ऊर्जा नीति 2019 की दृष्टि (विज़न) एवं प्रमुख उद्देश्यों को लिखिए।

राजस्थान सौर ऊर्जा नीति-2019 - दृष्टि :- ① राजस्थान सौर ऊर्जा क्षमताओं का दोहन करना। ② सन् 2024 - 25 की ऊर्जा नीति

में सोलर ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्थान निर्धारित करना।

③ राज्य के निवासियों का रुझान नवीकरणीय ऊर्जा की ओर लाना।

④ सौर ऊर्जा संसाधनों का सस्ता निर्माण तथा विपणन व्यवस्था

⑤ प्रमुख हितधारकों को साथ लाना।

उद्देश्य ① 2030 तक सौर ऊर्जा द्वारा 30 गीगावाट ऊर्जा उत्पादन करना — i) 25000 मेगावाट - सोलर पार्कों से

ii) 4000 मेगावाट - वितरित ग्रिडों से

iii) 1000 मेगावाट - रूफ टॉप सौर ऊर्जा

iv) 1000 मेगावाट - सोलर पम्पों द्वारा

② सौर ऊर्जा हेतु निवेश को आकर्षित करना।

③ अधिक सौरताप - दिन (325 + दिन), 6-7 kwh की विकरण तीव्रता का समुचित दोहन करना।

④ मरुस्थलीय भूमि तथा नहरों पर सोलर प्लेट स्थापित करना

⑤ भारत सतत विकास लक्ष्यों की दृष्टि में राज्य का प्रभावी सहयोग, स्थापित कर अधिक निवेश तथा अनुदान प्राप्त करना।

⑥ नेटमीटरिंग को बढ़ावा देना।

इसी क्रम में सितम्बर 2021 तक मुख्यमंत्रीजी के अनुसार राज्य में 7738 मेगावाट की सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता के साथ देश में प्रथम स्थान पर आ गया है।

3.5(Three½)
(Q.Unit-2-C-13)

(Unit – III) (Section – A) (20 Marks)
(यूनिट – III) (सेक्शन – A) (20 अंक)

**Part – A** Marks : 10
भाग – अ अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.
**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. What is 'Sharda Act'?
'शारदा एक्ट' क्या है?

• बाल विवाह को रोकने हेतु - सन् 1929 में लाया गया।
• अजमेर के हरविलास शारदा के प्रयासों से।
• इसके तहत विवाह की आयु लड़की - 14 वर्ष न्यूनतम
लड़का - 18 वर्ष न्यूनतम

2(Two)
(Q.Unit-3-A-1)

2. Why is caste system an example of inequality?
जाति व्यवस्था असमानता का उदाहरण क्यों है?

जाति व्यवस्था के तहत समाज में कुछ जातियों को विशेषाधिकार तथा कुछ जातियों हेतु कर्तव्यों की बाध्यकारी व्यवस्था बनी हुई है।
• इससे सभी को समान विकास का अवसर नहीं मिल पाता।

0.75(Zero¾)
(Q.Unit-3-A-2)

3. What is Global Village?
वैश्विक गाँव क्या है?

• यह वैश्वीकरण की अवधारणा से संबंधित है।
• इसके तहत विश्व में पूँजी, श्रम, प्रौद्योगिकी तथा सेवाओं का निर्बाध प्रवाह होता है।
• वर्तमान में संचार साधनों ने विश्व को वैश्विक गाँव में बदल दिया है।

1.25(One¼)
(Q.Unit-3-A-3)

4. Define political corruption.
राजनीतिक भ्रष्टाचार को परिभाषित कीजिए।

• इसके तहत राजनीति का अपराधीकरण आता है।
• राजनीति के क्षेत्र में उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों द्वारा सत्ता प्राप्त करने, संसाधनों के आवंटन तथा अपने विशेषाधिकारों का अनैतिक तथा अवैध रूप संपत्ति एकत्रित करने में प्रयोग किया जाता है।

1.25(One¼)
(Q.Unit-3-A-4)

5. What is the eligibility of 'old age pension' in Rajasthan?
राजस्थान में 'वृद्धावस्था पेंशन' की पात्रता क्या है?

राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के अनुसार -
महिला - 55 वर्ष या अधिक आयु की हों।
पुरुष - 60 वर्ष या अधिक आयु के हों।

0.5(Zero½)
(Q.Unit-3-A-5)

## Part – B
भाग – ब

Marks : 10
अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.
नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. Which attributes have been given for dominant caste by M.N. Srinivas?
एम.एन. श्रीनिवास द्वारा प्रभुजाति को स्पष्ट करने हेतु कौनसे लक्षण बताए गए हैं?

एम० एन० श्रीनिवास के अनुसार - प्रभु जाति के प्रमुख लक्षणों में
① संबंधित क्षेत्र में संख्या की अधिकता।
② वहाँ पर पाए जाने वाले संसाधनों पर अधिकार।
③ वहाँ की राजनीति में प्रभुत्व हो।
④ क्षेत्र में सामाजिक - सांस्कृतिक वर्चस्व हो

2(Two)
(Q.Unit-3-B-6)

इन लक्षणों से किसी क्षेत्र विशेष में प्रमुख जाति जाति के बारे में पता चलता है। eg.. दक्षिण भारत - रेड्डी, •राजस्थान - राजपूत
• गुजरात - पाटीदार • हरियाणा - जाट

7. Write five major problems of tribal community of Rajasthan.
राजस्थान की जनजातीय समुदाय की प्रमुख पाँच समस्याएं लिखिए।

जनजातियों की पाँच प्रमुख समस्याओं में -
① शिक्षा का अभाव, जिससे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी न होना।
② भौगोलिक विषमता के कारण परिवहन के साधनों की कमी।
③ स्वास्थ्य के कमजोर होने से - उच्च मातृ मृत्यु व शिशु मृत्यु।
④ आर्थिक संसाधनों व रोजगार की कमी के कारण प्रवासन।
⑤ सामाजिक रूप से अलगाव के कारण हीनता की भावना।
इनके निराकरण हेतु सरकार - 1974- जनजाति क्षेत्र विकास योजना, - बिरसी जनजाति कल्याण योजना, संकल्प से सिद्धि वन-धन योजना - 2016 से चलाई जा रही है।

0.5(Zero½)
(Q.Unit-3-B-6)

3(Three)
(Q.Unit-3-B-7)

## (Unit – III) (Section – B)
## (यूनिट – III) (सेक्शन – B)

(20 Marks)
(20 अंक)

### Part – A
### भाग – अ

Marks : 10
अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.
**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. Define Supply Chain Management.
आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन (एस.सी.एम.) को परिभाषित कीजिए।

आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन से तात्पर्य किसी कंपनी या संगठन में कच्चे माल की खरीद, रख-रखाव, भंडारण व्यवस्था, फिनिश गुड्स का निर्माण - भंडारण तथा डिलिवरी शामिल है।
• इन सबका प्रभावी, दक्षता तथा कार्यकुशलता से संचालन ही आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन है।

1(One)
(Q.Unit-3-A-1)

2. What is the objective of Startup India Scheme?
स्टार्टअप इंडिया योजना का उद्देश्य क्या है?

स्टार्टअप इंडिया योजना का मुख्य उद्देश्य - ① स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना ② देश में स्वरोजगार तथा नवाचारों को प्रोत्साहन देना ③ युवाओं का कौशल विकास करना ④ वैश्विक निवेश को आकर्षित करना।

1.5(One½)
(Q.Unit-3-A-2)

3. Write any four characteristics of charismatic leader.
करिश्माई नेता की कोई चार विशेषताएँ लिखिए।

करिश्माई नेता में - ① भावनात्मक बुद्धिमता
② वक्तृत्व कौशल (भाषणकला)
③ अन्यों को प्रभावित करने की कला
④ परिस्थिति के अनुरूप तीव्र निर्णय निर्माण की क्षमता

1(One)
(Q.Unit-3-A-3)

4. Highlight any four characteristics of services.
सेवाओं की कोई चार विशेषताओं को चिह्नांकित कीजिए।

0 (Zero)
(Q.Unit-3-A-4)

5. Name two prominent stock exchanges of India.
भारत के दो प्रमुख स्टॉक इक्स्चेन्जों के नाम बताइए।

① बी.एस.ई. (BSE) - बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज - मुम्बई (एशिया का प्रथम) - सूचकांक - सेन्सेक्स
② एन.एस.ई. (NSE) - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज - मुम्बई। - सूचकांक - एनसीडेक्स

2(Two)
(Q.Unit-3-A-5)

**Part – B**
भाग – ब

**Marks : 10**
अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. Explain Need – Hierarchy Theory as per A.H. Maslow.
ए.एच. मास्लो के अनुसार आवश्यकता क्रमबद्धता सिद्धांत की व्याख्या कीजिए।

ए. एच. मास्लो के अनुसार पाँच प्रकार की आवश्यकताओं को बताया गया है।


① शारीरिक – इसमें भूख, प्यास, नींद, काम आदि।

② सुरक्षात्मक – इसमें घर, रोजगार आदि शामिल।

③ स्नेह, लगाव – मित्रता, परिवार, पत्नी आदि।

④ सम्मान – समाज में सम्मान तथा महत्ता की।

⑤ आत्मसिद्धि – स्वयं को जानना तथा मोक्ष की आकांक्षा।




मास्लो के अनुसार व्यक्ति इन पाँच आवश्यकताओं की पूर्ति में लगा रहता है। तथा प्रत्येक आवश्यकता, प्रेरणा के रूप में कार्य करती है।

4(Four)
(Q.Unit-3-B-6)

7. Explain Product Life Cycle (PLC) with characteristics of any two stages.
किन्हीं दो चरणों की विशेषताओं के साथ उत्पाद जीवन चक्र (पी.एल.सी.) का वर्णन कीजिए।

① कच्चे माल के रूप में – उत्पाद को सही स्थान से सतत खरीद को निश्चित करना। उपयुक्त गुणवत्ता का निर्धारण करना

② तैयार माल का विपणन : ग्राहकों की सुविधा के अनुसार उचित स्थान पर उचित कीमत पर उत्पादों का विपणन सुनिश्चित करना।

0 (Zero)
(Q.Unit-3-B-7)

(Unit – III) (Section – C) (20 Marks)

(यूनिट – III) (सेक्शन – C) (20 अंक)

## Part – A
## भाग – अ

Marks : 10
अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. What are compound journal entries?
मिश्रित जर्नल प्रविष्टियाँ क्या हैं?


0 (Zero)
(Q.Unit-3-C-A-1)

2. Name any two methods of Trend analysis.
प्रवृत्ति विश्लेषण की किन्हीं दो विधियों के नाम लिखिए।

① समाधिक प्रवृति विश्लेषण
② एक वर्षीय प्रवृति विश्लेषण
③ बहुवर्षीय प्रवृति विश्लेषण

0 (Zero)
(Q.Unit-3-C-A-2)

3. Mention four types of responsibility centres with reference to Responsibility Accounting.
उत्तरदायित्व लेखांकन के संदर्भ में चार उत्तरदायित्व केन्द्रों को बताइए।




2 (Two)
(Q.Unit-3-C-A-3)

4. What is the designation of person having highest authority in Government Audit?
सरकारी अंकेक्षण में सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्ति का पदनाम क्या है?

भारत में सरकारी अंकेक्षण में सर्वोच्च पद पर
आसीन व्यक्ति का पदनाम–
भारत का महालेखा परीक्षक एवं नियंत्रक होता है।

1(One)
(Q.Unit-3-C-A-4)

5. Why Zero Base Budgeting was adopted by Government of India?
भारत सरकार द्वारा शून्य आधार बजटन क्यों अपनाया गया था?

– सर्वप्रथम- 1983 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा 1986 से संपूर्ण बजट
– अपनाने के उद्देश्य → संसाधनों का बेहतर आवंटन
→ मितव्ययता को बढ़ाना
→ अनावश्यक खर्चों में कमी लाना
→ योजना तथा कार्यक्रमों का प्रतिवर्ष
औचित्य निर्धारण करना

1(One)
(Q.Unit-3-C-A-5)

## Part – B
भाग – ब

**Marks : 10**
अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. Explain Dual-aspect concept in context of Double Entry System of Accounting with suitable examples.
उचित उदाहरण देते हुए लेखांकन की दोहरी प्रविष्टि प्रणाली के संदर्भ में द्वि–पक्ष अवधारणा को समझाइए।

दोहरी लेखांकन प्रणाली से तात्पर्य - प्रत्येक लेन-देन को दो
खातों में लिखा जाता है। क्रेडिट खाता तथा डेबिट खाता

द्विपक्ष अवधारणा से प्रत्येक लेन-देन का दो जगह उल्लेख करना पड़ता है, जिससे प्रविष्टि में त्रुटि का तुरंत पता लगाया जा सकता है।

1.5(One½)
(Q.Unit-3-C-B-6)

7. "Performance Budgeting is useful for Government and Public sector undertakings." Why?
"निष्पादन बजटिंग सरकार व सार्वजनिक उपक्रमों के लिए उपयोगी है।" क्यों?

निष्पादन बजटिंग बजट आवंटन के निश्चित समय बाद लक्ष्यों तथा वास्तविक निष्पादन की तुलना, जाँच, मूल्यांकन किया जाता है।

• निष्पादन बजटिंग से सरकार को लाभ – ① प्रत्येक उपक्रम की वास्तविक कार्यक्षमता तथा कार्यकुशलता का पता लगता है। ② भविष्य हेतु नीति निर्माण तथा बजट निर्धारण में ③ कमियों को दूर करने तथा सुधार को बढ़ाना ④ संबंधित कार्मिकों की कार्यकुशलता का पता लगता है।

सार्वजनिक उपक्रमों हेतु → ① लक्ष्य तथा वास्तविक निष्पादन में तुलना करने हेतु ② उपक्रम की कमजोरी तथा मजबूत क्षेत्रों का पता चलता है ③ भविष्य हेतु बेहतर नीति निर्माण तथा क्रियान्वयन हेतु ④ अन्य उपक्रमों की तुलना में प्रभावशीलता तथा उपयोगिता का निर्धारण करने में।

2(Two)
(Q.Unit-3-C-B-7)

## SPACE FOR ROUGH WORK